दिनांकः 11.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली वर्तमान राज्य सरकार का तीसरा बजट आज–उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी सुबह 11 बजे विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट प्रस्तुत करेंगी।
- प्रदेश में अंगदान और अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा।
- डीप फेक सहित एआई से तैयार कंटेंट को लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर केन्द्र सरकार की सख्ती–भ्रामक और फेक सामग्री तीन घंटे में हटानी होगी।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं कल से शुरू होंगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली वर्तमान राज्य सरकार का तीसरा बजट आज पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी सुबह 11 बजे विधानसभा में वर्ष 2026–27 का बजट प्रस्तुत करेंगी। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने कल मुख्यमंत्री श्री शर्मा से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री के साथ वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया और अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछली बजट घोषणा के 75 प्रतिशत काम धरातल पर उतारे हैं।

विकसित राजस्थान/2047 के रोडमैप पर केन्द्रित रहने वाले इस बजट में पूरे प्रदेश के लिए कई अहम ऐलान किये जाएंगे। बजट में कृषि, सिंचाई, सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुडी महत्वपूर्ण घोषणाएं होंगी। शिक्षा को आधुनिक बनाने और युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए भी कौशल विकास के नये प्रावधान किये जा सकते हैं। नई भर्तियां, नये स्टेट एक्सप्रेस हाईवे और कृषि क्षेत्र के लिए भी कई घोषणाएं होने की संभावना है।

बजट को लेकर हर वर्ग में राहत की उम्मीद है। पाली के एक किसान ने आशा जताई कि सरकार सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध कराएगी।

..............

सिरोही के चार्टर्ड अकाउंटेंट त्रिलोक शर्मा को उम्मीद है कि बजट में स्थानीय उद्योगों और छोटे व्यापारियों को राहत देने के उपाय किये जाएंगे।

..............

प्रदेश में अंगदान और अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही लाइव पोर्टल शुरू होगा। इस पोर्टल से अस्पतालों को जोडा जाएगा, ताकि अंगदान और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पारदर्शी रहे। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कल जयपुर में हुई समीक्षा बैठक में इस बारे में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ये विषय जीवन रक्षा से जुडा है, ऐसे में प्रदेश में अंगदान और अंग प्रत्यारोपण से जुडी सेवाओं को ऑनलाइन करने के साथ ही इसके निगरानी तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा। श्रीमती राठौड़ ने कहा कि अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए मेडिकल कॉलेज से लेकर ट्रोमा सेंटर और सीएचसी तक स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी में एथेनॉल फैक्ट्री मामले को लेकर आज धानमंडी में होने वाली महापंचायत को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोर्ड पर है। एहतियात के तौर पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। जिला कलेक्टर खुशाल यादव और पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने कल सभा स्थल का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने महापंचायत को लेकर शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है।

................

केन्द्र सरकार ने डीप फेक सहित एआई से तैयार कंटेंट को लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के लिए कड़े नियम लागू किये हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स को सक्षम अधिकारी या अदालतों की ओर से निर्देशित भ्रामक और फेक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम, 2021 में संशोधन अधिसूचित किए गये हैं। इन नियमों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई द्वारा निर्मित और आर्टिफिशियल सामग्री को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार नए नियम इस महीने की 20 तारीख से लागू होंगे।

नये नियमों का पालन नहीं करने पर अब सिर्फ यूजर्स ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स भी सीधे तौर पर कानूनी कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होंगे।

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कल नई दिल्ली में इंडिया एआई प्रदर्शनी बस को रवाना किया। श्री प्रसाद ने कहा कि यह शुभारंभ ऐतिहासिक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की तैयारियों का हिस्सा है। यह सम्मेलन 16 फरवरी से भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि इस प्रदर्शनी बस का उद्देश्य युवाओं को एआई के उपयोग और फायदों के बारे में जागरुक कर डिजिटल विभाजन को कम करना है। श्री प्रसाद ने कहा कि देश के युवा स्टार्टअप, शोधकर्ता और नवप्रवर्तक भारत को एआई के लिए एक वैश्विक सेवा प्रदाता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार, उत्पादकता और आय में बढोतरी होगी।

...............

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं कल से शुरू हो रही हैं। बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस साल बोर्ड परीक्षाओं के लिए 19 लाख 90 हजार से ज्यादा विद्यार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षाओं का आयोजन प्रदेशभर में 6 हजार 194 केंद्रों पर किया जाएगा। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि नकल रहित पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। इस साल जिलों में अभय कमांड सेंटरों के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की जाएगी।

...............